हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 भैंसबोड़ में 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर का भव्य आयोजन



12 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर हुआ ...






## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान जारी



**बालोद।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय विधिवत शुभारंभ जिला अस्पताल बालोद में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चन्द्रवंशी व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. जेएल. उइके के द्वारा सुनीति पति जगेश्वर ग्राम झलमला के नवजात शिशु तथा 2 साल के बच्चे सारांश को दो बूंद पोलियो ड्राप पिलाकर किया गया। इस अभियान के तहत प्रथम दिवस दिनांक 21 दिसम्बर को बुथ स्तर पर शून्य से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी एवं द्वितीय व तृतीय दिवस 22 व 23 दिसम्बर को कार्यकर्ताओं द्वारा घर–घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. आरके. श्रीमाली, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. जितेन्द्र कुमार सिंह, खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी रमेश कुमार सोनबोईर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण नायक, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकान्त साहू, जिला वैक्सीन स्टोर मैनेजर राजेन्द्र कुमार सहारे, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व जिला अस्पताल में भतएँ बच्चे एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

### सिकोसा में बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम सिकोसा में तीन जगहों पर ग्राम पंचायत, हटरी चौक, बस स्टैंड में शिविर लगाकर पोलियो पिलाया गया। ग्राम पंचायत में संरपच प्रीतम सिंह ठाकुर, हटरी चौक मे उपसंरपच संजय बारले के द्वारा शुभारंभ किया गया। ग्रामीण लोगो को पल्स पोलियो के बारे में जागरूक एवं स्वास्थ शिक्षा दिया गया। सामुदायिक स्वस्थ अधिकारी भागवत साहू ने पल्स पोलियो के बारे में बताया पोलियो जिसे पोलियो माइलाइटिस के नाम से जाना जाता है। यह अत्यंत गंभीर संक्रामक रोग है। यह मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करता है। जिससे माँसपेशिया कमजोर हो जाती है और कई बार स्थायी विकलांगता तक हो जाती है। यदि समय पर ▶▶| शेष पेज 12 पर

# कुसुमकसा रेलवे फाटक पर अंडरब्रिज की जगह ओवरब्रिज निर्माण की मांग, सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

पल्लेकसा–सिंघनवाही मुख्य मार्ग पर स्थित कुसुमकसा रेलवे फाटक पर स्वीकृत अंडरब्रिज निर्माण के स्थान पर ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत कुसुमकसा की सरपंच वेदबबाई पिस्दा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कांकेर सांसद भोजराज नाग से उनके निवास पर भेंट कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कुसुमकसा भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा सहित ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सांसद को अवगत कराया कि उक्त रेलवे फाटक से मात्र लगभग 200 मीटर की दूरी पर बारहमासी नाला बहता है, जिसमें वर्षा ऋतु के दौरान

## अंडरब्रिज से बारिश व बाढ़ में आवागमन बाधित होने की आशंका



### सांसद ने समाधान का दिया आश्वासन

सांसद को बताया गया कि कुसुमकसा के अनेक किसानों के खेत रेलवे फाटक के उस पार स्थित हैं, जहां कृषि कार्य के लिए इसी मार्ग से जाना अनिवार्य है। इसके अलावा गुण्डराटोला, अडजाल सहित आसपास के ग्रामों के स्कूली बच्चों को कुसुमकसा के विद्यालयों में अध्ययन के लिए इसी मार्ग से आना-जाना पड़ता है। यह मार्ग लगभग 15 से 20 ग्रामों के लिए मुख्य आवागमन सड़क है। सांसद भोजराज नाग ने डीआरएम से चर्चा कर समस्या का उचित निराकरण कराने का आश्वासन दिया। साथ ही सरपंच द्वारा ग्राम विकास के लिए मुख्य मार्ग से शीतला मंदिर तक सीसी सड़क निर्माण, खाद गोदाम भवन तथा हल्वा समाज भवन में किचन शेड निर्माण हेतु राशि स्वीकृति के लिए आवेदन भी सांसद को ▶▶| शेष पेज 12 पर

बाढ़ की स्थिति बन जाती है। यदि यहां अंडरब्रिज का निर्माण किया गया तो नाले का पानी और बाढ़ का पानी अंडरब्रिज में भर जाएगा, जिससे बारिश के दिनों में आवागमन पूरी तरह बाधित हो सकता है। इससे ग्रामीणों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कुछ दिन पूर्व रायपुर मंडल के डीआरएम दयानंद ने अपने प्रवास के दौरान स्पष्ट किया था कि संसद के निर्देशानुसार सभी रेलवे फाटकों को बंद किया जाना है और शासन द्वारा यहां अंडरब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है, इसलिए अंडरब्रिज ही बनाया जाएगा। इस पर ग्रामीणों ने पुनः अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए ओवरब्रिज को ही व्यवहारिक समाधान बताया।

### नेशनल हेराल्ड केस, मनरेगा में कथित कमजोरियां, धान खरीदी और बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दों पर धरना

# बालोद में कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की द्वेषपूर्ण कार्यवाही, मनरेगा को कमजोर करने के षड्यंत्र और धान खरीदी, बिगड़ती कानून व्यवस्था जैसे स्थानीय मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा सहित जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में जुझारू युवा साथी उपस्थित थे।

धरना प्रदर्शन में नेशनल हेराल्ड मामले और केंद्रीय जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के विरोध में कांग्रेस ने बालोद में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं के हाथों में लोकतंत्र बचाओ, ईडी–सीबीआई का दुरुपयोग बंद करो, फजऍं मामलों से विपक्ष को दबाया नहीं जा सकता और सत्यमेव जयते जैसी तख्तियां ले रखी थीं। जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के नेतृत्व में राजीव भवन से जिला भाजपा कार्यालय का घेराव के लिए रवाना हुए।

भाजपा कार्यालय तक कांग्रेसियों को पहुंचने से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने इंदिरा चौक पर कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की धक्का–मुक्की भी हुई। प्रदर्शन के दौरान विधायक संगीता सिन्हा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में रिहा कर दिया गया।

### सरकार कांग्रेस को परेशान कर ही : विधायक संगीता

विधायक संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं को परेशान कर रही है। उनके पास कांग्रेस नेताओ के खिलाफ कोई सबूत नही है इसलिए एक ही झूठे मामले में बार–बार परेशान कर रहे है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में जबरन फंसाकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। सभा को पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया, महामंत्री रतिराम कोसमा, ओमप्रकाश गजेन्द्र, संजय चंद्राकर, प्रशांत बोकडे, अंचल प्रकाश साहू, सहित अन्य ने भी संबोधित किया।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाय कर्मचारियों करेंगे कलम बंद-काम बंद हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ (नगरीय निकाय) के आह्वान पर डीए, वेतन विसंगति, कैशलेस उपचार सुविधा सहित 11 सूत्रीय लंबित मांगों के समाधान की मांग को लेकर "मोदी की गारंटी लागू करो" अभियान के अंतर्गत तृतीय चरण का जिला स्तरीय कलम बंद–काम बंद आंदोलन दिनांक 29 से 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

■ कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर को ज्ञापन सौंपा

इस आंदोलन के तहत नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के कर्मचारी दिनांक 29 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस संबंध में नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष गोविन्द राम साहू के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें विपिन बेहरा, मनोज साहू, इन्द्र कुमार यादव, रामगोपाल चंद्राकर, सुनील तराम, अनंत साहू, बुद्धिमान सिंह, अब्दुल कलीम, धरमू बक्सी, पंकज चंद्राकर, सुशील टंडन सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल थे।कर्मचारी संगठनों ने स्पष्ट किया कि जब तक लंबित मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन के दौरान नगर पालिका के नियमित कार्य प्रभावित रहने की संभावना जताई गई है।

# सुवरबोड़ में पानी टंकी पर चढ़ा युवक पांच घंटे बाद सुरक्षित उतारा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा/बालोद

ग्राम सुवरबोड़ में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब नल–जल योजना के तहत निर्मित लगभग 65 फीट ऊंची पानी टंकी पर एक युवक चढ़ गया। सुबह करीब 7 बजे युवक टंकी के ऊपर से जोर–जोर से चिल्लाने लगा, जिससे ग्रामीणों में अनहोनी की आशंका फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए।

■ थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर रही

सूचना मिलते ही थाना बालोद प्रभारी शिशुपाल सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची। पुलिस व फायर ब्रिगेड को देखकर युवक टंकी के अंदर उतर गया और अंदर लगी सीढ़ी हटा दी। ग्रामीणों व कर्मचारियों द्वारा समझाइश के कई प्रयास किए गए, यहां तक कि उसकी छोटी बच्ची की आवाज भी उसे सुनाई गई, लेकिन वह बाहर आने को तैयार नहीं हुआ। आनन–फानन में टंकी का पानी खाली कराया गया। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद युवक स्वयं टंकी से बाहर निकला और नीचे उतरा। युवक की पहचान पूनाराम मंडावी के रूप में हुई, जिसकी मानसिक स्थिति पिछले कुछ दिनों से ठीक नहीं बताई जा रही है। नीचे उतरते ही पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा, तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।



# गुण्डरदेही ब्लॉक में महिलाओं के लिए जेंडर समानता प्रशिक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं चैतन्य संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुण्डरदेही ब्लॉक में महिलाओं के लिए जेंडरगत भेदभाव एवं समानता विषय पर चारों कलस्टर में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पूरे माह संचालित जेंडर अभियान नई चेतना 4.0 के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसके तहत प्रशिक्षण के साथ विभिन्न जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

इस अभियान के अंतर्गत सिकोसा, डूंडेरा, भरदाकला एवं भटागांव आर क्लस्टरों में जेंडर समानता पर रैली, शपथ कार्यक्रम, रंगोली, साप–सीढ़ी जेंडर आधारित खेल, दीवार लेखन एवं समूह चर्चा जैसी गतिविधियाँ पूरे माह चलती रहीं। इन गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं, किशोरियों एवं समुदाय को समान अधिकार, सम्मान एवं हिंसा–मुक्त समाज का संदेश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, दहेज निषेध अधिनियम 1961 एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम अधिनियम 1994 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एनआरएलएम बिहान की पीआरपी नीलम निर्मलकर, कांति साहू, तोमेश्वरी सिंहा एवं हेमा साहू का सहयोग रहा। चैतन्य संस्था से जिला समन्वयक शेषपाल साहू, खुशबू साहू एवं प्रीतिबला साहू प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे।





वहीं जेंडर बीआरपी रीना पटेल, गिरिजा साहू एवं पिंकी ठाकुर ने संचालन एवं प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिभागी महिलाओं ने अभियान को उपयोगी बताते हुए कहा कि वे अपने गांवों में भी पूरे माह चले इस जेंडर अभियान से मिली सीख को आगे बढ़ाएंगी। प्रशिक्षण के उपरांत गुण्डरदेही ब्लॉक में जेंडर रिसोर्स सेंटर की स्थापना की जाएगी, जो महिलाओं को परामर्श, संरक्षण, कानूनी सहायता एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेगा।

### पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने किया लोकार्पण

# अरमरीकला में 39 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





ग्राम पंचायत अरमरीकला में 16 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुराना स्कूल परिसर बाजार चौक, 3 लाख रुपये से निर्मित आहता निर्माण, 15 लाख रुपये की लागत से तैयार टीना शेड और 5 लाख चेकर टाइल्स फिटिंग्स निर्माण कार्य का लोकार्पण पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने किया। ग

राम अरमरीकला में सालो से ग्रामीणो द्वारा उक्त कार्य की मांग की जा रही थी। जिसे विधायक संगीता सिन्हा एवं पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने पुरी करते हुए स्वीकृति कराई थी। लोकार्पण समारोह में कुल चार कार्यो के लिए कुल 39 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुई थी। लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि संजारी बालोद पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा थे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला काँग्रेस कमेटी बालोद चंद्रेश हिरवानी ने किया।

विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक काँग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू, पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद केदारनाथ देवांगन, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण साहू, सरपंच डांडेसरा टोमन साहू, महामंत्री ब्लॉक काँग्रेस कमेटी गुरूर धनुष राम साहू, उमेश कुमार साहू, बहुर धनकर, पूर्णेश्वर अड़िल, प्रदीप कुमार साहू मंचासीन थे। स्वागत भाशण सरपंच धनेंद्र साहू द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा ने कहा कि यह स्थल ग्राम के मध्य में होने के कारण टीना शेड ग्राम के मांगलिक एवं बुनियादी सुविधाएं एवं अन्य कार्यक्रमों में बहुत ही महत्वपूर्ण और उपयोगी साबित होगा। साथ ही सामुदायिक भवन के पास बचे हुये खाली जगह पर भी टीना शेड निर्माण और सीमेंटीकरण कार्य के लिए आश्वासन भी दिया। सभी अतिथियों ने भी गाँव में हो रहे विकासकार्यों के लिए सभी ग्रामवासियों को बधाई दी। सरपंच, पंचों और ग्रामवासियों ने विधायक संगीता सिन्हा और पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा की प्रसंसा की एवं हृदय से धन्यवाद दी। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, साल और श्रीफल देकर ससम्मान विदाई दिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता दिनेशवर साहू, कृष्णा बघेल, दयाराम साहू, नारद साहू ग्राम अरमारीकला के सरपंच धनेंद्र कुमार साहू, उपसरपंच सोहनलाल साहू, ग्राम पंचायत सचिव कुमारी मुकेश्वरी साहू, ग्राम अरमरीकला के समस्त पंच गण एवं पदाधिकारी गण और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी के अंतर्गत सेवा कार्य में संलग्न रोवर–रेंजरों के लिए एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में जंबूरी स्थल पर उपस्थित समस्त शिविरार्थियों के स्वास्थ्य की समुचित जांच की गई।

■ सेवा कार्य में लगे रोवर-रेंजरों की हुई स्वास्थ्य जांच

यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेन्द्र साहू, राज्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख, राज्य संगठन आयुक्त अमित कुमार क्षत्रिय, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पूनम साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में चिकित्सकीय दल के रूप में डॉ. दामिनी नाग, राहुल देव, माया यादव, लूना देवांगन एवं कपिल देव साहू द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान रोवर–रेंजरों का हीमोग्लोबिन (एचबी) परीक्षण, रक्त जांच, शुगर जांच सहित अन्य आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण किए गए, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति का मूल्यांकन किया जा सका। इस अवसर पर जिला आयुक्त मधुलिका तिवारी, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सहायक आयुक्त नवीन यादव ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### अवैध धान खपाने की शिकायत पर एसडीएम की कार्रवाई

**बालोद।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी बालोद नूतन कुमार कंवर द्वारा ग्राम बोरी स्थित कबीर ट्रेडर्स के गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा स्टॉक की जांच की गई। संचालक हरीश साहू के खिलाफ अवैध धान खपाने की शिकायत मिलने पर यह कार्यवाही की गई। एसडीएम द्वारा मण्डी सचिव को निर्देशित किया गया कि किसी भी फुटकर या थोक व्यापारी को बिना उनकी अनुमति के अनुज्ञा पत्र जारी न किया जाये एवं उनके स्टॉक का सतत निरीक्षण किया जाये। उन्होनें अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने के पूर्व संबंधित पटवारी से समुचित परीक्षण करवाने का निर्देश दिया। इस दौरान तहसीलदार आशुतोश शर्मा, मण्डी निरीक्षक राकेश देशमुख, पटवारी चन्द्रवली नायक एवं गिरीश रावटे उपस्थित थे।

### घासीदास बाबा जयंती पर मरीजों बांटे फल व बिस्कीट



**बालोद/सिकोसा।** गुरु घासीदास बाबा की 269 वीं जयंती, जन्म दिवस गेन्ड्रे परिवार ने उप स्वास्थ्य केंद्र में मरीजो को फल एवं बिस्कीट वितरण का मनाया। जिसमे भागीरथी जयंती गेन्डे परिवार, सहयोग प्रदान की। इस अवसर डॉ. एपी. चन्द्राकर, राज, पुजा, उपासना, रुवेल गेन्डे, विनिता गेन्डे एवं पूजा उपस्थित थे।

### बच्चों को दी गई पल्स पोलियो खुराक



**दल्ली राजहरा।** पोलियो उन्मूलन अभियान को सफल बनाने की दिशा में वार्ड क्रमांक 21 दल्ली राजहरा में पल्स पोलियो कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस दौरान वार्ड के पार्षद भूपेंद्र श्रीवास की गरिमामयी उपस्थिति में वार्ड के नन्हे बच्चों को मीतानिन दीदियों द्वारा पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई।कार्यक्रम के दौरान पार्षद भूपेंद्र श्रीवास ने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा कि "पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए पल्स पोलियो अभियान में सभी नागरिकों की भागीदारी बेहद आवश्यक है। एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए, तभी हम अपने क्षेत्र को पूरी तरह पोलियो मुक्त बना सकते हैं।" उन्होंने अभिभावकों से जागरूक रहने और हर अभियान में बच्चों को अनिवार्य रूप से दवा पिलाने का आग्रह किया।इस अवसर पर वार्ड की मीतानिन पूर्णिमा सावलकर एवं कमलेश्वरी साहू ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए घर-घर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई और माता-पिता को पोलियो से बचाव के महत्व के बारे में जानकारी दी।

आयोजन : महिलाओं की मजबूत भूमिका, युवाओं ने लिया सहयोग का संकल्प

# ग्राम खुरसुल को नशा और जुआमुक्त बनने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



जिले के विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम ख़ुरसुल में नशा मुक्ति की दिशा में एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल सामने आई है। अर्जुन्दा थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू की पहल और प्रेरणा व ग्राम पटेल हेमंत साहू, सत्य प्रकाश साहू व महिला टीम सहित ग्रामवासियों ने शराब और जुए, गांजा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर कठोर और साहसिक निर्णय लिया है।

गांव में आयोजित महिला, पुरुषों की संयुक्त आमसभा में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि अब ग्राम ख़ुरसुल में शराबियों, नशेड़ियों पर कड़ी नजर होगी, गौरतलब हो कि नशे के दुष्प्रभाव के चलते यहां कई युवा वर्ग के बिगड़ते हालात को देखते हुए जुर्माना सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से बेचते या उसका सेवन कर गांव की शांति भंग करता पाया गया, तो उसके खिलाफ जुर्माना सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गांव में तास, जुआ जैसे किसी भी प्रकार के जुए पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों की समाधान पर भी हुआ गंभीर मंथन जहां अक्सर गांवों की पहचान शराब, जुए और आपसी कलह से जुड़ जाती है। वहीं ग्राम खुरसुल अब एक सकारात्मक मिसाल बनकर उभरेगा है। यह बदलाव किसी शासकीय आदेश से नहीं, बल्कि गांव वालों महिलाओं की सामूहिक चेतना और – ढ़ इच्छाशक्ति से आया है। गांव की चौपाल में महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग एक साथ बैठे। चर्चा केवल समस्याओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि उनके स्थायी समाधान पर भी गंभीर मंथन हुआ। नतीजतन, ग्राम ख़ुरसुल ने सर्वसम्मति से खुद को शराब और जुआ मुक्त गांव घोषित करने का ऐतिहासिक फैसला लिया। हेमंत साहू, ग्राम प्रमुख पटेल ने बताया महिलाएं इस पूरे निर्णय में महिलाओं की भूमिका सबसे मजबूत नजर आई। महिलाओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि नशा नहीं, भविष्य चाहिए। युवाओं ने गांव की निगरानी और व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया, जबकि बुजुर्गों ने इसे गांव में खोई हुई शांति और सद्भाव लौटाने वाला निर्णय बताया। फैसले को प्रभावी ढंग से लागू करने और उसकी सतत निगरानी के लिए ग्राम स्तरीय समिति का भी गठन जल्दी ही किया जाएगा।

गौर हो ग्रामीणों की शिकायत पर मौके अर्जुन्दा पुलिस व महिलाओ ने अपराधिक युवक राहुल वाघमारे को पकड़ कर न्यायिक हिरासत में बालोद जेल भेजा गया, वही अर्जुन्दा पुलिस ने कहा अपराधियों पर लगातार कार्यवाही व बीट प्वाइंट पर स्कूल, कॉलेज व सुनसान जगहों पर रात्रि में पुलिस पेट्रोलिंग होती रहेगी।

नशा मुक्त संकल्प शपथ में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने कहा कि अगर गांव चाहे, तो बदलाव मुमकिन है ग्रामीणों का मानना है कि, यह निर्णय केवल शराब और जुए पर रोक नहीं, बल्कि एक नई सोच की शुरुआत है। जहां गांव अपनी समस्याओं का समाधान खुद करता है। आज ग्राम ख़ुरसुल चर्चा हुई है, किसी विवाद के कारण नहीं, बल्कि उस साहसिक फैसले के कारण जिसने यह साबित कर दिया कि अगर गांव चाहे, तो बदलाव मुमकिन है। वही महिला पंच व ग्रामीण की जागरूक महिलाएं रही। जिसमें पंच शारदा जांगडे, ईश्वरी बाई, नामुन ठाकुर जानकी बाई, यामिनी देवांगन रोहिणी बाई, नूमेश्वरी बाई, कीर्ति रामबाई, जानकी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व वरिष्ठ ग्रामीण सत्य प्रकाश साहू, मुरली साहू उपस्थित थे।



## ग्राम अंजोरा में राष्ट्र शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अंजोरा (ख), जिला दुर्ग की पावन धरती पर आयोजित राष्ट्र शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आज विधिवत पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा, गरिमा और दिव्यता के वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान न होकर आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभाव और सामाजिक समरसता के जागरण का सशक्त माध्यम बना। महायज्ञ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना रहा। गायत्री मंत्र की आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और नैतिक शक्ति को जन-जन तक पहुंचाने के संदेश के साथ यह यज्ञ आत्मबल, चरित्रबल और कर्तव्यबोध को जाग्रत करने का प्रयास सिद्ध हुआ। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सशक्त राष्ट्र का निर्माण संस्कारित और मूल्यनिष्ठ नागरिकों से होता है। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे प्रज्ञा पुत्रों के कुशल मार्गदर्शन में 24 कुण्डीय यज्ञ शास्त्रोक्त विधि-विधान एवं वैदिक अनुशासन के अनुरूप संपन्न हुआ। मंत्रोच्चार की गूंज और यज्ञाग्नि की दिव्य लपटों ने पूरे वातावरण को सात्त्विक बना दिया। प्रत्येक आहुति त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बनी। पूर्णाहुति के अवसर पर ग्राम अंजोरा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजनों ने अनुशासनपूर्वक सहभागिता निभाई। अंतिम आहुति के साथ ही वातावरण में शांति, उल्लास और आत्मिक तृप्ति का अनुभव हुआ। श्रद्धालुओं ने सदाचार, सेवा और राष्ट्रहित को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। महायज्ञ के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा की गई सेवा, स्वच्छता और व्यवस्थाओं ने सामाजिक एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजन के उपरांत प्रज्ञा पुत्रों की भावपूर्ण विदाई की गई। ग्रामवासियों ने इस महायज्ञ को ऐतिहासिक और प्रेरणास्त्रोत बताते हुए इसे आध्यात्मिक ऊर्जा से राष्ट्र चेतना की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# ग्राम पंचायत कुथरेल में बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत कुथरेल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाई गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर एवं जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखना है, ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखा जा सके। अभियान की शुरुआत जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति लोमश चन्द्राकर द्वारा ग्राम पंचायत कुथरेल में स्थापित पोलियो बूथ पर की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं मितानिनों की उपस्थिति में बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित अभिभावकों को पोलियो टीकाकरण के महत्व की जानकारी देते हुए समय पर सभी बच्चों को दवा पिलाने की अपील की। इस अवसर पर सभापति लोमश चन्द्राकर ने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए यह अभियान अत्यंत आवश्यक है और इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से पोलियो की खुराक दिलाएं। अभियान के दौरान ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और बड़ी संख्या में बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे, इसके लिए सभी अभिभावक जागरूक होकर अभियान में सहयोग करें।

## चिंगरी में 143 बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के 143 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखना है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत चिंगरी की सरपंच पुष्पा वाघमारे, मितानिन उर्मिला ठाकुर, अनिता निर्मलकर, सत्यवती सेन, सुरेखा पटेल, अशवनी निर्मलकर, सुमित्रा बांधे, कोटवार नारददास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत चिंगरी में स्थापित पोलियो बूथ पर की गई। स्वास्थ्य कर्मियों और मितानिनों की उपस्थिति में बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अभिभावकों को पोलियो टीकाकरण के महत्व और समय पर खुराक देने की जानकारी दी।

सरपंच पुष्पा वाघमारे ने कहा कि यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य और पोलियो उन्मूलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक दिलाएं और अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग करें। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से आग्रह किया कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। यह अभियान बच्चों को सुरक्षित रखने के साथ ही देश को पोलियो मुक्त बनाने के लक्ष्य को भी सशक्त बनाने में मदद करता है।

# बेलमांड में एनएसएस का विशेष शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज:बालोद



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम झलमला द्वारा ग्राम बेलमांड में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आयोजित किया गया था। जिसमें 51 स्वयंसेवक अपनी सेवाएं प्रदान किये।

कार्यक्रम अधिकारी गोमती भूआर्य के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन तथा प्राचार्य सेजेस शिबानी नंदी के निर्देशन में चले इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में नशा मुक्ति के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना, युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उन्हें सामाजिक सेवा की भावना से जोड़ना है। शिविर स्वयंसेवकों ने ग्राम बेलमांड की गलियों में घूमकर नशा मुक्ति से जुड़े नारे लगाए और ग्रामीणों को नशे के हानिकारक प्रभावों के बारे में बताया। स्वयंसेवकों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ मानसिक मजबूती के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों, खासकर युवाओं को समझाया कि नियमित व्यायाम, योग और अनुशासनपूर्ण दिनचर्या नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने का सबसे कारगर तरीका है। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि स्वयंसेवक श्री लक्ष कुमार साहू ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि अनुशासन ही जीवन की सफलता की कुंजी है। बिना अनुशासन के कोई भी लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कम्युनिकेशन स्किल्स पर भी जोर देते हुए बताया कि अच्छा संवाद ही व्यक्ति को समाज में प्रभावी बनाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गोमती भूआर्य ने की। विशेष अतिथि सागर नेताम ने युवाओं को विभिन्न कैरियर विकल्पों जैसे सरकारी नौकरियां, उद्यमिता, स्किल डेवलपमेंट कोर्स और उच्च शिक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया। श्री नेताम ने बताया कि आज के प्रतिस्पधएँ युग में केवल डिग्री ही काफी नहीं, बल्कि स्किल्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और सही दिशा में प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने एनएसएस जैसे कार्यक्रमों को कैरियर निर्माण का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि सामाजिक सेवा से मिलने वाला अनुभव भविष्य में नौकरी और जीवन दोनों में सफलता दिलाता है। रात्रि में स्वयंसेवकों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत करने वाले नृत्य, गीत और लोक नाट्यों की प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में दहेज प्रथा के कुरीतियों, नशा मुक्ति के महत्व और सामाजिक सद्भावना जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। नुक्कड़ नाटक और लोक गीतों के माध्यम से ग्रामीण दर्शकों को संदेश दिया गया।

# दल्लीराजहरा शहर में जंगली भालू की दहशत, एक सप्ताह से आमजन भयभीत

## शहरवासियों ने की सुरक्षित रेस्क्यू की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



सोमवार को दल्लीराजहरा शहर में जंगली भालू देखा गया,पिछले एक सप्ताह से जंगली भालू का लगातार शहर और आसपास के इलाकों में विचरण आम नागरिकों में भय और दहशत का माहौल पैदा कर रहा है। सिटीजन पार्क, सप्तगिरि पार्क, रिहायशी कॉलोनियों से लेकर सरकारी कार्यालयों के आसपास तक भालू की मौजूदगी दर्ज की जा चुकी है, इसके बावजूद वन विभाग और शासन-प्रशासन अब तक कोई ठोस, स्थायी और प्रभावी कदम उठाने में पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार भालू मुख्यतः रात के समय शहर के भीतर खुलेआम घूम रहा है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भालू एक बार फायर ब्रिगेड कार्यालय परिसर तक भी पहुंच चुका है। सौभाग्यवश अभी तक कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन हर रात के साथ खतरा और बढ़ता जा रहा है। भालू की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम औपचारिकता निभाने के लिए मौके पर जरूर पहुंची, लेकिन कार्रवाई केवल लोगों को सतर्क रहने और भालू के नजदीक न जाने की अपील तक सीमित रही। देर रात तक भालू को जंगल की ओर खदेड़ने का दिखावटी प्रयास किया गया, लेकिन वह शहर से सटे जंगल में ही चला गया, जिससे उसके दोबारा लौटने की आशंका लगातार बनी हुई है।

अब शहरवासियों की मांग है कि भालू को तत्काल सुरक्षित तरीके से पकड़कर रेस्क्यू किया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। अन्यथा किसी भी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी वन विभाग और शासन-प्रशासन की होगी।

### पुराना विवाद को लेकर मारपीट, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पुराना विवाद को लेकर मारपीट मामले में पुलिस ने मनमीत सिंह गिल और नितेश उर्फ चुन्नु के खिलाफ धारा 296, 351(3),115 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। मामला स्मृति नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप शाहजीत (31 वर्ष) पिता छेदीलाल शाहजीत ने पुलिस को शिकायत में बताया कि विगत 19 दिसंबर की रात्रि करीब 10.30 बजे वे घर के लिए सामान लेने अवंति बाई चौक गोल्डी डेली निड्स गया था। मनमीत सिंह गिल और उसका दोस्त नितेश उर्फ चुन्नु दुकान के बाहर खड़े मिले। तब मनमीत सिंह गिल के साथ पूर्व में हुए विवाद को लेकर अपने दोस्त नितेश के साथ गालीगालौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट से प्रार्थी को दाहिने हाथ, सिर और बाए कंधे में चोट लगी है।

धान बिक्री से किसानों में हर्ष और संतोष, किसानों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाएं

# बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बालोद जिले में धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक जारी है। जिसके अंतर्गत जिले में अब तक 64 हजार 704 किसानों से 28 लाख 64 हजार 22 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी कर 680 करोड़ 22 लाख 24 हजार 374 रूपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चूका है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु नोडल अधिकारियों द्वारा अपने–अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी कार्य का सतत मॉनिटरिंग कर रहे है। इसके साथ ही धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु पहुँचने वाले किसानों की सुविधा को कृष्टिगत रखते हुए उनके लिए शुद्ध पेजयल, छांव, बैठक इत्यादि के अलावा शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा खाद्य, सहकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। धान खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए जरूरी व्यवस्था उपलब्ध होने के कारण जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी होने पर जिले के किसानों में हर्ष व्याप्त है। जिला प्रशासन की व्यवस्था की सराहना करते हुए बालोद विकासखण्ड के ग्राम अरौद के कृषक रूमलाल ने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में की गई समुचित व्यवस्था के फलस्वरूप टोकन कटने के बाद आसानी से हम सभी कृषकों का धान की खरीदी हो गई है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्था के कारण हम किसानों को अपनी धान की बिक्री करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो रही है। इसके साथ ही धान बिक्री के 72 घण्टे के उपरांत किसानों के खाते में धान बिक्री की राशि अंतरित होने पर जिले के किसानों में हर्ष व्याप्त है।

बालोद विकासखण्ड के देवीनवागांव के कृषक सुरेश कुमार ने कहा कि उनके द्वारा 30 क्विंटल मोटा धान की बिक्री करने के पश्चात उनके खाते में 72 घण्टे के पश्चात धान बिक्री की राशि जमा हो गया। उन्होंने कहा कि शासन की इस व्यवस्था से हम सभी कृषक बहुत ही प्रसन्नचित तथा अपने सुखद भविष्य के प्रति आशान्वित है।

## पेज 11 के शेष

### सांसद ने समाधान का ...

सौंपा गया। इस अवसर पर वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा ,मोहन सिंद्रामे ,अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य,, योगेंद्र सिन्हा गांधी अध्यक्ष कुसुमकसा भाजपा मंडल ,आत्माराम चुरेंद्र ,जयंत्री नेताम उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में स्वास्थ्य ...

हिमांशु मिश्रा, ललित चंद्राकर, मोहनी यादव, प्रवीण कुमार चतुर्वेदी, जिला सचिव केएल. गजेंद्र, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, डीओसी. द्वय नेम सिंह साहू एवं प्रेमलता चंद्राकर, डीटीसी. भुवन सिन्हा, सीमा साहू, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा, विकासखंड सचिव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सहयोग प्रदान करने वाले चिकित्सकीय दल एवं मेडिकल स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोवर–रेंजरों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायी है।

### सिकोसा में बच्चों को पिलाई ...

इसका इलाज न किया जाय तो यह घातक भी हो सकता है। इसलिए पल्प पोलियो की खुराक पिलाकर इस गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सकता है। ग्राम पंचायत सिकोसा में सरस्वती साहू, धुन्नी निषाद, कविता चन्द्राकर, सरोज मानिकपुरी, पूर्णिमा राय द्वारा पल्स पोलियो अभियान में सहयोग किया गया।

## खबर संक्षेप



### रत्नावली मानस मंडली द्वारा संगीतमयी मानस गान का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के पावन ग्राम सहगांव में रत्नावली मानस मंडली द्वारा संगीतमयी मानस गान का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याकार रमनलाल ने अपने सारगर्भित प्रवचन में कहा कि ईश्वर ही परमदेव हैं और विवेक उनका दूत है, जो हृदय रूपी गुफा में उदय होकर मानव जीवन को प्रकाशित करता है। उन्होंने कहा कि जैसे चंद्रमा के उदय होने से आकाश शोभायमान हो जाता है, वैसे ही विवेक के जाग्रत होने से मनुष्य का जीवन शोभायमान हो उठता है।व्याख्यान में बताया गया कि विवेक के उदय से जीव वासना रूपी मैल और चिंता रूपी बंधनों से मुक्त होकर परमात्मा के निकट पहुंचता है। संसार को उन्होंने समुद्र की संज्ञा देते हुए कहा कि इसमें तृष्णा रूपी तरंग, अज्ञान रूपी जल और इंद्रिय रूपी ग्राह विद्यमान हैं, जिनसे विवेक रूपी नौका के माध्यम से ही पार पाया जा सकता है। संत संगति से विवेक जागृत होता है और ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में कृष्णा राम देवांगन, गीता बाई, भूपेंद्र कुमार, देविका देवी, काव्या, आराध्य, घनिष्का देवांगन, नेमसिंह, नसीद राम, चैन सिंह, देवल, डोमन, शत्रुघ्न, हिमालय यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संगीतमयी मानस गान से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

### ब्लॉक मनरेगा मेट संघ का चुनाव 28 दिसंबर को



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा का त्रिवार्षिक चुनाव आगामी 28 दिसंबर 2025, रविवार को दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। संघ द्वारा जारी सूचना में सभी मेट साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने की अपील की गई है। चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी कीर्तन देवांगन के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।
इस चुनाव में सात पदों के लिए निर्वाचन किया जाएगा, जिनमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, एक सचिव, दो सह-सचिव एवं एक कोषाध्यक्ष शामिल हैं। नामांकन प्रपत्र सुबह 11 बजे से चुनाव स्थल पर जमा किए जा सकते हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव पद हेतु 200 रुपये तथा कोषाध्यक्ष एवं सह-सचिव पद हेतु 100 रुपये नामांकन शुल्क अनिवार्य है। संघ ने स्पष्ट किया कि चुनाव में केवल वही सदस्य भाग ले सकते हैं जिनकी वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा हो और ग्राम पंचायत में मेट पंजीयन सक्रिय हो। यह निर्णय संघ की मासिक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया था, जिसमें संघ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। संघ ने पुनः सभी मेट साथियों से समय का ध्यान रखते हुए उपस्थित होने और चुनाव को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की है।

## नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर हुआ भव्य हिन्दू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- डॉ. वर्णिका शर्मा और अतिथियों ने हिंदुत्व, समाज जागरूकता और पंच परिवर्तन पर विचार साझा किए






राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर दल्ली राजहरा नगर में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि रामनामी समाज के प्रमुख रहे। विशेष अतिथि के रूप में कथावाचक कृष्ण शुभम महाराज, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की डॉ. वर्णिका शर्मा तथा विभाग प्रचारक जितेन्द्र शर्मा की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच पर समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मंच संचालन कृष्णा साहू द्वारा किया गया। सम्मेलन के दौरान नन्हे कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा भारत की प्राचीन सभ्यता एवं योग पर आधारित प्रस्तुति ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा का संचार किया। डॉ. वर्णिका शर्मा ने "हिन्दू कौन है" विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि भारत को विश्वगुरु बनाना है, तो पंच परिवर्तन को प्रत्येक परिवार में आत्मसात करना होगा। उन्होंने विषय को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से विस्तारपूर्वक समझाया। रामनामी समाज की ओर से सात्त्विक (शाकाहारी) भोजन एवं भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया।कृष्ण शुभम महाराज ने हिंदुत्व को जीवन में कैसे आत्मसात किया जाए, इस पर सारगर्भित विचार रखे। वहीं जितेन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुलामी के दौर में समाज की मानसिकता को कमजोर किया गया, जिससे लोग अपनी पहचान से दूर हो गए। इसी सोच के विरुद्ध खड़े होकर डॉ. हेडगेवार ने जनआंदोलन की नींव रखी, जो आज "कहो हम हिन्दू हैं" के रूप में एक व्यापक जनजागरण का स्वर बन चुका है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन संयोजक सौरभ लुनिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सभी समाज प्रमुखों को गमछा एवं मां भारती का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की आरती की गई और सामूहिक भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जिपं सदस्य ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में सुरक्षा उपायों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

- जिला पंचायत सदस्य ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया



राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के ग्राम दानिटोला में आए दिन सड़क दुर्घटना में हो रही आकस्मिक मौतों को लेकर नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक बालोद को आवेदन देकर राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित ग्राम दानिटोला में स्ट्रीट लाइट और सी सी टी वी कैमरा की स्वीकृति जल्द से जल्द करने की मांग की है। नीलिमा श्याम ने बताया की बालोद जिला का डोंडी ब्लॉक माइनिंग क्षेत्र है ,जो की राष्ट्रीय राजमार्ग में 24 घंटे भारी वाहनों का आवागमन रहता है जिससे बालोद और दल्लीराजहरा जाने वाला मार्ग में दानिटोला ग्राम दुर्घटनाजन्य छेत्र बन गया है,हर महीने किसी ना किसी की मृत्यु मालवाहक वाहनों के टक्कर से हो रहा है,अभी वर्तमान में नीतीश यादव की दुर्घटना में दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी,भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा विशेष दिशा निर्देश का पालन किया जाए,सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए और उपाय भी निर्देशित किया जाए,जिसमे रोशनी की व्यवस्था को कोहरे और रात में समय से पहले चालू किया जाए, डिवाइडर शुरू होने पर 25 मीटर ऊंची हाईमास्क लाइट लगाई जाए ,छोटे पूल, आर ओ बी और प्रवेश/निकास रैंप पर सोलर स्टड लगाया जाए ,और स्लिप रोड पर दोनो तरफ पांच सौर ऊर्जा चलित सड़क सुरक्षा चेतावनी लाइट ,निर्माण और ड्रायवर्सन पर सुरछा उपाय किया जाए,जैसे पक्के ड्रायवर्सन ,फुटपाथ चिन्ह,रोड स्टड, बेरेकेटिंग ड्रायवर्सन संकेत और सोलर ब्लिकर,राजमार पर चलने वाले वाहनों की पूरी चौड़ाई पर रिफलेक्टर टेप लगाई जाए। जिसमे आगे सफेद और पीछे लाल रंग हो ,इन निर्देशों का उद्देश्य कोहरे के मौसम में दुर्घटनाओं को रोकना ,सड़क सुरछा बढ़ाना और यात्रियों की जीवन की सुरछा सुनिश्चित करना है।

# ग्राम हल्दी में प्रदेश स्तरीय सीनियर खो खो प्रतियोगिता का रोमांचक दूसरा दिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम हल्दी के खेल मैदान में आयोजित 13वीं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष खो–खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांच रहा। 21 दिसंबर से शुरू हुए इस तीन दिवसीय खेल महाकुंभ के द्वितीय दिवस पर प्रदेश की कई नामचीन खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर उनका मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल भावना और अनुशासन पर जोर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मोहन मंडावी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने सामूहिक रूप से कहा कि खो–खो हमारे भारत की मिट्टी का पारंपरिक खेल है, जो न केवल शारीरिक शक्ति बल्कि मानसिक एकाग्रता और टीम भावना को भी बढ़ाता है। आज छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों से निकलकर खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं, जो पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। खेल हमें हार से सीखना और जीत के लिए निरंतर प्रयास करना सिखाता है। हल्दी जैसे छोटे गांव में इतना भव्य प्रदेश स्तरीय आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा।
द्वितीय दिवस के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद मोहन मंडावी, कंवर समाज के संरक्षक तिमिरेंद्र शेखर सिंह कंवर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, जनपद सभापति अश्वनी कटहरे उपस्थित थे। उनके साथ टोमन साहू, कुलदीप साहू, हरदेव सार्वा, सुभाष चंद्राकर, अजेंद्र साहू, नोहर साहू, ढालेंद्र सार्वा और देवबती साहू ने भी मैदान में खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। खेल जगत से खो–खो फेडरेशन के महासचिव तरुण शुक्ला और बालोद संघ के भोलेनाथ चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मैच सुचारू रूप से संपन्न हुए। बड़ी संख्या में फेडरेशन के बच्चों और ग्रामवासियों की मौजूदगी ने खिलाड़ियों के जोश को दोगुना कर दिया। प्रतियोगिता का समापन 23 दिसंबर को होगा।

# ग्राम अचौद में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर आयोजित

## प्रभातफेरी और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जनहित और सरकारी योजनाओं का प्रचार

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर




सात दिवसीय विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अचौद के संयुक्त तत्वधान में ग्राम अचौद मे आयोजित है।

18 दिसंबर से संचालित शिविर में सरपंच ग्राम पंचायत अचौद आकाश चंद्राकर व टी सुब्बाराव, प्राचार्य एके सेन चौधरीएवं समस्त शाला परिवार व ग्राम वासियों की उपस्थित में व अतिथ्य में शिविर उदघाटन किया गया। द्वितीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा में केके.हिरवानी, सतीश साहू, मुकेश साहू, मिथलेश चंद्राकर, शीतल ठाकुर, ओपी. साहू की उपस्थित रही। तृतीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा में केशव साहू कवि एवं साहित्यकार साथ ही एमएल.साहू कवि, विजय कुमार टंडन कवि, शिव कुमार अंगारे कवि का आगमन हुआ। शैक्षणिक व जीवन उपयोगी कवित व अदबोधन से स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओ का मनमुग्ध कर दिया।





चतुर्थ दिवस जिला संगठन जिला बालोद लीना साहू का शिविर निरीक्षण हेतु आगमन हुआ शिविरार्थियों को शिविर के बारे में व रासेयो के सभी गतिविधियों व पुरस्कार के संबंध में व्यापक जानकारी दी गई पांचवीं दिवस केशव साहू योगचर्चा की उपस्थित हुआ। समस्त शिविरार्थियों को योग ज्ञान, व उसके जीवन में उपयोगिता बताने के साथ योगासन कर कर प्रतिवेदन प्रभात फेरी, परियोज कार्य सांस्—तिक गतिविधियों के माध्यम से जनहित व केंद्र व राज्य सरकार के जनता के लाभांवित करने वाले योजनाओं का प्रचार प्रसार व संदेश शिविरार्थियों द्वारा दिया जा रहा है। शिविर संचालक कोमल सिंह कुल्हड़े, कार्यक्रम अधिकारी टीएल.साहू द्वारा किया जा रहा है। सहायक के रूप में कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला, सहायक कार्यक्रम अधिकारी किरण देवांगन, वरिष्ठ स्वयंसेवक त्रिलोक, रोमलाल, पूनम कुमार, चुरामन के साथ अन्य रूद्र प्रकाश, रोशन, इंद्राणी सेन, दीपिका सोनकर का इस शिविर संचालन में महत्वपूर्ण योगदान है।

# पंडित देवजी महराज ने दी जीवन और धर्म की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





श्री हरि की निंदा सुनना नही चाहिए। जहां श्री हरि की निंदा हो रही हो वहां से हट जाए। यदि सामर्थवान है तो श्री हरि की निंदा करने वाले का ऐसा प्रतिकार करे कि दुबारा उस लायक ना रहे, वियोग होने पर ही उसका मूल्य का ज्ञान होता है।

उक्त बाते ग्राम चुल्हापथरा में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दौरान व्यास पीठ से भागवताचार्य पंडित देवजी महराज ने कही। श्रद्वालुओ के आग्रह पर देव जी महराज प्रातः काल के सत्र में शिव महापुराण की कथा श्रवण करा रहे है। ग्राम चुल्हापथरा की भागवत कथा दो सत्र मे आयोजित है, प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक। श्रद्वालुओ के आग्रह पर भागवताचार्य प्रातः सत्र में शिव महापुराण की कथा श्रवण करा रहे है एवं उसके बाद श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करा रहे है। इस प्रकार श्रद्वालुओं को एक ही मंच में एक ही दिन में शिवमहापुराण एवं भागवत कथा दोनो का लाभ हो रहा है। भागवताचार्य पंडित देव जी महराज ने शिव महापुराण कथा के दौरान प्रजापिता दक्ष के यज्ञ की कथा सुनाते हुए कहा माता, पिता, गुरू व बड़ो के यहां बिना बुलाए जाने से कोई दोश नही है, लेकिन इन स्थल में कोई द्वेश रखता है तो वहां मान प्राप्ति की आशा नही की जा सकती। पंडित देव जी महराज ने सती कथा प्रसंग के दौरान कहा पति की आज्ञा के बिना पत्नी को घर के चौखट के बाहर नही जाना चाहिए, ऐसा करने वालो को अपयश ही मिलता है, कुशलता क्षीण हो जाती है। माता पार्वती जन्म कथा सुनाते हुए देव जी महराज ने कहा शरीर त्यागते समय मन जहां जाएगा वही अगला जन्म में गति होती है। शिव विवाह की कथा सुनाते हुए उन्होने कहा जिस घर में पहली संतान बेटी होती है उस घर में यश कीर्ति, समृद्वि, वैभव का वास होता है, प्रत्येक गृहस्थ को पहली संतान बेटी की कामना करनी चाहिए, क्योकि पहली बेटी साक्षात लक्ष्मी का रूप होती है। देव जी महराज ने कहा ब्रम्हा का लेख देव, गंधर्व, नर, मुनि, कोई नही मिटा सकता। ब्रम्हा का लेखा को मिटाने की क्षमता सिर्फ महादेव मे है। भागवत कथा के दौरान विधायक संगीता सिन्हा भी कथा श्रवण करने पहुंची, उन्होने व्यास पीठ की आरती कर आर्शीवाद लिया एवं क्षेत्र के लिए मंगलकामना की। संगीता सिन्हा ने ग्रामीणो के साथ धरती में बैठकर कथा श्रवण किया।

# राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जिले का पंथी नर्तक दल करेगा प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूजः अर्जुन्दा





राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में बालोद जिले का पंथी नर्तक दल प्रतिनिधित्व करेगा। बिलासपुर में 23 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में बालोद जिले का प्रतिनिधित्व लोकनृत्य गुरु घासीदास आदर्श जन–जागृति लोकनृत्य युवा पंथी नर्तक दल टिकरी अर्जुंदा के द्वारा किया जाएगा।

यह दल विगत लगातार 10 वर्षों से राज्य स्तर पर अपनी सशक्त प्रस्तुतियों के माध्यम से बालोद जिले का नाम गौरवान्वित करता आ रहा है। पंथी नर्तक दल गुरु घासीदास जी के संदेशों एवं उपदेशों को अपनी विशिष्ट कला, संगीत और लोकनृत्य के माध्यम से प्रभावशाली एवं मनमोहक ढंग से प्रस्तुत करता है। दल की प्रस्तुतियाँ सामाजिक समरसता, मानवता तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति की समृद्ध परंपरा को मंच पर सजीव रूप में प्रदर्शित करती हैं। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने कहा कि आप सभी अपनी प्रतिभा, कला और समर्पण के माध्यम से बालोद जिले का नाम राज्य स्तर पर रोशन करें। आपकी मनमोहक प्रस्तुति जिले के लिए गर्व का विषय बनेगी। उन्होंने दल को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। बालोद जिले के नागरिकों को भी पंथी नर्तक दल से राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में उत्कृष्ट एवं यादगार प्रदर्शन की पूर्ण आशा है।

# श्रीराम ट्रॉफी फाइनल मुकाबले में विदर्भ का दबदबा मुंबई को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में आयोजित श्रीराम ट्रॉफी अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को डौंडीलोहारा के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन और मुंबई की टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में विदर्भ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई को 76 रनों से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की।

फाइनल में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 238 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विदर्भ की शुरुआत आक्रामक रही और टीम ने मात्र 10 ओवरों में 100 रन पूरे कर लिए। टीम की ओर से सजल चंद्राकर ने 57 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि संगीत सोनी ने 55 रनों की शानदार बल्लेबाजी कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। विदर्भ ने मुंबई के सामने 239 रनों का कठिन लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। हालांकि वैभव चौकसे (57 रन), सचिन कटारिया (32 रन) और संजोग (31 रन) ने संघर्ष किया, लेकिन अन्य बल्लेबाज अपेक्षित योगदान नहीं दे सके। पूरी मुंबई टीम 165 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस तरह विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने 76 रनों से जीत दर्ज कर श्रीराम ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख रहे। विशेष अतिथियों में राकेश यादव, बालोद नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, उत्तरा धरेंद्र, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, पार्षद रेवती कोलियारे एवं सूर्यकला ठाकुर शामिल थे। अतिथियों ने विजेता विदर्भ टीम को चमचमाती ट्रॉफी एवं रु 1,00,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की, वहीं उपविजेता मुंबई टीम को रु 61,000 का पुरस्कार दिया गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में मैन ऑफ द मैच और बेस्ट बॉलर का खिताब सजल चंद्राकर को, बेस्ट बैट्समैन संगीत सोनी को, बेस्ट फील्डर पार्थ को तथा मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार वैभव साहू को दिया गया। फाइनल मैच के दौरान लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा। चौकों-छक्कों पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठा और दर्शकों ने क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया।

# सोनकर समाज ने कराया युवक-युवती परिचय सम्मेलन



**बालोद।** छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के युवक युवति परिचय सम्मेलन और आदर्श विवाह समारोह का आयोजन ग्राम नेवारीकला में आयोजित किया गया, जिसमें संजारी बालोद के विधायक संगीता सिंह प्रमुख रूप से उपस्थिति रही।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा सामाजिक एकता को बढ़ावा देने और योग्य जीवनसाथी ढूंढने सामाजिक प्रयासों की सराहना की और सामाजिक संस्थाओं के कार्यों को सराहा। साथ ही विधायक ने समाज को संगठित करने शिक्षा को अपनाने और कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया, इसके लिए युवा पीढ़ी को आगे आने की बात कही। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, युवा साथी हिमांशु लावत्रे सहित सोनकर समाज के समाजिक बंधु उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### पैरी में 151 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई

**बालोद/सिकोसा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्राम पैरी में दो बूथ बनाकर 151 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य गुण्डरदेही ममता सेन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सुपरवाइजर नरेंद्र कुमार साहू महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, रश्मि साहू, ईश्वरी साहू, खोमिन यादव, लक्ष्मी साहू, दुलेश्वरी साहू, द्रौपती यादव मितानिन उपस्थिति रही।

### सिंचाई कॉलोनी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

**बालोद।** मांगलिक प्रांगण सिंचाई कॉलोनी आमापारा बालोद में श्रीमद्



भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 25 दिसंबर से 2 फरवरी तक किया गया है। आमापारा बालोद निवासी कुमार सिंह साहू एवं लेखा साहू के द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजन किया जा रहा है। भागवत व्यास पंडित निरंजन महाराज भागवत आश्रम लिमतरा होंगे। परायणकर्ता पंडित परमेश्वर महाराज हैं, कथा का दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। प्रथम दिवस 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से कलश यात्र निकाली जावेगी। इसके बाद भागवत स्थापना, वेदी पूजन एवं श्री गोकर्ण कथा का प्रारंभ होगा। 26 दिसंबर धर्म पृथ्वी संवाद, कलयुग को दंड, परीक्षित को श्राप कथा होगा। 27 दिसंबर सृष्टि वर्णन, विदुर कथा, सती चरित्र, शिव विवाह, धुरव चरित्र कथा होगा। 28 दिसंबर जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र, चित्र केतु उपाख्यान कथा होगा। 29 दिसंबर गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासुर संग्राम, राजा बलि प्रसंग, वामन अवतार कथा होगा। 30 दिसंबर कृष्ण जन्म, जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी की कथा तथा 31 दिसंबर मथुरा गमन, कंस वध, रुक्मणी मंगल कथा होगा। 1 जनवरी 2026 सुदामा चरित्र, द्वारका लीला, यदुवंश छय, परीक्षित मोक्ष, तुलसी दल अर्पण कथा होगा। 2 जनवरी 2026 अंतिम दिवस गीता सार हवन, पूर्णाहुति, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा स्नान के साथ कथा का समापन होगा।

### ग्राम खपरी में 26 दिसम्बर को मड़ई का आयोजन

**लाटाबोड़।** ग्राम खपरी में शुक्रवार 26 दिसम्बर को मंड़ई का आयोजन रखा गया है। सरपंच टकेश्वर कुंजाम ने जानकारी देते हुए बताया की ग्रामीणो की मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी लातमर्रा डोंगरगढ़ वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट के मामले में सुपेला थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मोटर व्हिकलस एक्ट 1988 की धारा 184 और 281 बीएनएस का अपराध दर्ज करते हुए जांच में लिया है।

---

**सुशासन सप्ताह : ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ**

# भैंसबोड़ में 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





केन्द्र सरकार के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जयंती के अवसर पर 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत आज जिले के आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भैंसबोड़ में आयोजित 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर में ग्रामीणों का हुजुम उमड़ पड़ा। ग्राम भैंसबोड़ में आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी–कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत भैंसबोड़ सहित आसपास के अनेक ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

समारोह में मुख्य अतिथि राज्य एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया उपस्थित थे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धमेन्द्र गड़ियोक के अलावा एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले, ग्राम पंचायत भैंसबोड़ के सरपंच चित्रकांत ठाकुर सहित आसपास के ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा शिविर में उपस्थित हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित भी कराया गया। इसके अलावा शिविर में विधि–विधान के साथ मंत्रेच्चार कर तथा नन्हें–मुन्हें बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया गया। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत नन्हें–मुन्हें बच्चों को सुपोषण किट भी प्रदान किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शिविर में उपस्थित 110 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित भी की गई। उल्लेखनीय है कि भैंसबोड़ शिविर में आज विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल 149 आवेदनों में से 76 आवेदनों को मौके पर ही निराकृत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य एथलेटिक संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर के आयोजन के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। लुनिया ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम ने 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनता को शासकीय कार्यक्रम के चक्कर लगाने की समस्या से मुक्ति प्रदान करने हेतु प्रशासनिक अमले को आम जनता के बीच भेजकर उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी सुरेश साहू ने सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर को प्रशासन को आम जनता के निकट लाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सार्थक कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव की ओर शिविर के माध्यम से ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा मत्स्य पालन विभाग द्वारा तुलसी महिला स्व सहायता समूह भैंसबोड़ के महिलाओं को 01 नग मछली जाल एवं 01 नग आईस बॉक्स प्रदान किया गया। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत राम बाई एवं बुधिया बाई को उत्कृष्ट शौचालय निर्माण हेतु प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। समारोह में जल संचयन एवं जन भागीदारी के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीणों एवं स्व सहायता समूह के महिलाओं का सम्मान भी किया गया। शिविर में आज जनपद पंचायत को प्राप्त 115 आवेदनों में से 71, शिक्षा विभाग को प्राप्त 04 आवेदनों में से 02, बुनकर सहकारी समिति से संबंधित प्राप्त 01 आवेदन को मौके पर ही निराकृत किया गया। इसके अलावा शिविर में समाज कल्याण एवं विद्युत विभाग को 03–03 तथा वन एवं कृषि विभाग को 01–01 आवेदन प्राप्त हुआ।

---

## कोड़िया स्कूल में वार्षिक खेल दिवस मनाया गया

**अंडा।** शाउमा शाला कोड़यिा विकासखंड व जिला दुर्ग में शाला के खेल प्रांगण मे एसएमडीसी के अध्यक्ष आनंद चन्द्राकर के मुख्य आतिथ्य में सत्र 2025 /26 का वार्षिक खेल दिवास का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथी ग्राम सरपंच खुमान निषाद शाला की प्राचायी नीलमणि उजवयने खेल दिवस की अध्यक्षता की गई एवं खेल दिवस की शुरुआत में मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। खेल प्रारंभ की घोषणा मुख्य अतिथि ने किया, तत्पश्चात खेल शिक्षक सुनील डडसेना सर खेल की उद्घाटन गोला फेंक आनंद व ग्राम सरपंच खुमान निषाद जी व प्राचार्य मैम माननीय नीलमणि उजवने द्वारा किया गया। इसके बाद विभिन्त (खेल सांखली, थ्रोबॉल गोली चम्मच स्लो सायकल रेस लगड़ी रिले रेस तया पीठ पर कोण



रेस आदि खेल कराया गया। प्राचार्य महोदया ने सभी को अच्छे वातावरण में नियमों का पालन एवं अनुशासन मे रहकर खेल मे भाग लेने को कहा। इस अवसर पर शाला की वरिष्ट व्याख्यता शीला चंद्रा, रूपमती साहू ,दातेश्वरी सिन्हा, रीना पिलोदिया, वेदिका साहू, सरोज साहू प्रीति सलाम तथा कार्यालय स्टाफ एवं अन्य स्टाफ मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शीलाचंद्रा मैडम एवं सभी खेलो की संचालन विद्यालय के व्यायाम शिक्षकसुनील कुमार डडसेना सर ने किया।

## भगवान की कृपा से असंभव भी हो सकता है संभव : शास्त्री जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



ग्राम कुसुमकसा में पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस एवं समस्त बैस परिवार द्वारा अपने पूज्य पिता स्व. जयपाल बैस की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है।

■ भागवत कथा सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के आचार्य पंडित कृष्णकांत शास्त्री (कवर्धा वाले) हैं, जिनके मुखारविंद से प्रतिदिन भावपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक कथाओं का रसपान श्रद्धालु कर रहे हैं। कथा के दौरान पंडित कृष्णकांत शास्त्री ने कहा कि भगवान की कृपा से शत्रु को भी मित्र बनाया जा सकता है और यदि ईश्वर साथ हो तो असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान से प्रेम पिता, माता, पुत्र और पुत्री के समान भाव से करना चाहिए, तभी जीवन का उद्देश्य सफल होता है। शास्त्री जी ने कर्म सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "जैसा बोओगे, वैसा ही पाओगे।" मनुष्य जिस प्रकार दूसरों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करता है, अंततः उसे भी वही प्रेम प्राप्त होता है। कथा में धृति महाराज एवं मनु महाराज का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि भगवान से मांग भी श्रद्धा और समर्पण के साथ करनी चाहिए। देवी अनुसूया की कथा सुनाते हुए उन्होंने माता के सतीत्व, त्याग और ममता का मार्मिक वर्णन किया। नारद मुनि, तीनों देवियां एवं त्रिदेवों की परीक्षा प्रसंग ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

शास्त्री जी ने कहा कि मां के हाथों का भोजन अमृत के समान होता है और माता-पिता का ऋण जीवन भर नहीं चुकाया जा सकता। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालुजन उपस्थित होकर धर्म, संस्कार और भक्ति का लाभ ले रहे हैं।

## भरदा कला स्कूल में बच्चों को न्योता भोज कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भरदा कला में सरपंच भरदा कला क्रान्ति भूषण साहू के द्वारा अपने नातिन कुमारी आरोही के जन्म दिवस पर सराहनिय पहल करते स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन व भोजन कराया। इस अवसर पर सरपंच क्रांति भूषण साहू ने कहा बच्चों के साथ खुशी बाटे, समय समय पर ग्रामीण भी सक्रियता के साथ ऐसे आयोजन करे जिससे बच्चों को शिक्षा के पौष्टिक पोषण मिले। जिसमें शाला के प्रधान पाठक भूपत सिंह कलिहारी, पद्मावती साहू, खुशबू साहू, ग्राम पंचायत के सदस्य नमेश्वरी बांधव, गिरजावती साहू, रूपा बाई लहरे, चंदा साहू, चित्रलेखा साहू, रिचा सोनी, अनीता साहू, अमीन बाई धनकर, पूरेंद्र कुमार साहू, रूप राम साहू, चेतन कुमार देवांगन, नागेश कुमार देवांगन, गज्जू राम भारती, दुखीत राम यादव, लोकेश कुमार यादव, नंदकुमार लहरे ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**डोंडी।** विवेकानंद हाई स्कूल डोंडी के छात्र-छात्राओं का 21 दिसंबर को शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों को रायपुर स्थित गुरु घासीदास संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। संग्रहालय में छात्रों को प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरों, भारतीय लिपियों और राष्ट्रीय धरोहरों की जानकारी दी गई।

इसके बाद छात्रों ने मुक्तांगण एवं आदिवासी संग्रहालय, नया रायपुर का भ्रमण किया। यहां उन्हें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहरों के साथ-साथ आदिवासी परंपराओं, विभिन्न जातियों के संस्कृति और जीवनशैली की झलकियां प्रत्यक्ष रूप में देखने को मिलीं। छात्रों ने विभिन्न मॉडलों और झलकियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के खान-पान, रहन-सहन, वेषभूषा, व्यवसाय, कृषि और जीवन यापन की शैली का अवलोकन किया। शैक्षणिक भ्रमण के लिए सभी छात्रों और शिक्षकों को पालक समिति की अध्यक्ष अनीता मिश्रा, उपाध्यक्ष हेमलता, बलिराम धनकर और शाला संचालन समिति के अध्यक्ष श्रवण राठौर, सचिव जे. एल. ठाकुर सहित सभी सदस्यों ने हरा झंडा दिखाकर प्रस्थान कराया। भ्रमण के दौरान संस्था प्रमुख एस. आर. यादव एवं शिक्षक एच. के. लेनपांडे, नेमीचंद, ममता, निधी सोनी, रानू, टोमिन, कविता, निधी, टेशवरी, निशा, शालिनी, दिनेश्वरी, कविता प्रधान, भुवनेश्वरी, मधु और निगम छात्रों के साथ रहे और उन्हें भ्रमण कराते हुए सभी जानकारी प्रदान की। इस शैक्षणिक भ्रमण ने छात्रों के ज्ञान और सांस्कृतिक समझ को समृद्ध किया और उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक किया।





## पैरी में सप्त शक्ति संगम समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

सप्त शक्ति संगम समारोह का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर पैरी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गुण्डरदेही ममता सेन थी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत पैरी मधु देशमुख ने किया।

■ महिलाओं के योगदान पर विशेष चर्चा

विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत सलोनी राजेश्वरी पडोटी, अभिभावक ग्राम मोहलाई रुक्मणी साहू उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता तामेश्वरी साहू एवं प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर पैरी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य दुष्यंत कुमार पटेल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के माध्यम से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का आशीर्वचन हुआ एवं मुख्य वक्ताओं ने कुटुंब एवं पर्यावरण तथा भारतीय समाज में नारियों के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किया तत्पश्चात आए हुए दर्शक दीर्घा में बैठे माताओं के लिए प्रश्नोत्तरी रखा गया जिसमें सभी ने माता ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया एवं जवाब दिया सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

भैया बहनों के द्वारा एकल मंचन प्रस्तुत किया गया जिसमें माता सीता, रानी लक्ष्मीबाई एवं माता शबरी के विचार सुनने को मिला। आए हुए आगंतुक अतिथियों ने इस कार्यक्रम कीप्रशंसा करते हुए नारियों के सप्त शक्तियों के बारे में विस्तार से बताया। जो कि सभी माताओं के लिए प्रेरणादायक रहा। आचार्य सुनेश्वर साहू एवं आचार्य मुकुन्द निषाद के मार्गदर्शन एवं शैलेन्दी सिन्हा, मीनाक्षी साहू, जागृति साहू, भोमेश्वरी साहू एवं टामेश्वरी साहू के सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में आचार्या शैल चंद्राकर ने आभार किया।

## विद्यालय भरर में गुरु घासीदास जयंती एवं वीर बाल दिवस मनाया गया



**जामगांव आर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में गुरु घासीदास जयंती एवं वीर बाल दिवस मनाया गया। छात्रओं के वंदना गीत के साथ प्रारंभ समारोह में विद्यार्थियों ने कविता, निबंध, चित्र प्रदर्शनी, भाषण, गीत, नृत्य आदि मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किए।

समारोह में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत करेला एवं अध्यक्ष सेवा सहकारीसमिति भरर राजेश बंछोर, गोवर्धन साहू, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति सदस्य दिनेश नगरिया, प्रमोद ठाकुर, विश्वनाथ कंवर, भारत साहू, डोमन साहू, राधेश्याम चंद्राकर, नेमेस साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, दीपक कुमार, प्राचार्य डॉ श्रीमती भारती सहित विद्यालय के संकुल समन्वयक सुरेश महिपाल ,व्याख्याता व शिक्षकगण की उपस्थिति रही।शाला विकास समिति अध्यक्ष अरुण चंद्राकर सहित अतिथियों ने प्रेरणादाई विचार के साथ महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अतीत भविष्य के निर्माण के लिए वर्तमान को प्रेरित करता है जो सजगता पूर्वक समझ लेते है और संभलकर चलते है उनका जीवन सार्थक बन जाता है। आभार एवं संचालन देशप्यारे ने किया।

**उद्घाटन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष चेतन देशमुख रहे मुख्य अतिथि**

# ग्राम सुंदरा में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघमरा द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 16 दिसंबर से 22 दिसम्बर तक ग्राम सुंदरा में चलाई जा रही है, जिसमें प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह एवं शिविर स्थापना की बेला में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष चेतन देशमुख थे। अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय साहू ने किया।

■ जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति

विशेष अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत सरस्वती टेमरिया, जनपद सदस्यदमयंती हरदेव, भाजपा नेता छगन देशमुख, जिला मंत्री भाजपा सुरेन्द्र देशमुख, सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा लता चुरेन्द्र, शिक्षाविद पूर्व प्रधानाध्यापक छगनलाल पटेल, उपसरपंच सांकरा महेंद्र पिपरिया, अध्यक्ष प्राथमिक शाला सुंदरा अजय देशमुख, वरिष्ठ नागरिक सुंदरा रामकुमार देशमुख आमंत्रित हुए।

द्वितीय दिवस 17 दिसम्बर को दोपहर पशु विभाग से डाक्टर अभिषेक मिश्रा, 18 दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग से डाक्टर प्रदीप जैन, 19 दिसंबर को कृषि विभाग से आशीष कुमार चंद्राकर एवं 20 दिसंबर को महिला एवं बाल विकास, साइबर सेल, महिला सेल की जानकारी क्रमशः नरेंद्र कुमार साहू, रुमलाल चुरेन्द्र एवं सीता गोस्वामी ने विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारी दी। शायंकालिन सत्र में युगनायक स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीपक प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात राष्ट्र जागरण दीपयज्ञ आयोजन किया गया, जिसमें सभी शिविराथएँ एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित परिजनों को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार कार्यकर्ता राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि एक सच्चे राष्ट्र सेवक बनने के लिए उज्जवल चरित्र का होना अतिअनिवार्य है, चरित्रवान व्यक्ति ही किसी राष्ट्र की वास्तविक संपदा है, इसके मनुष्य के जीवन में ईश्वर उपासना के रूप में उगते सूर्य का ध्यान गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए इससे सद्बुद्धि की प्राप्ति होती है, सद्बुद्धि के अभाव में ही नाना प्रकार के कष्ट कठिनाइयां आती है, गायत्री के साधना से ही व्यक्ति एक अच्छा राष्ट्र साधक बनता है और इसी से ही सेवा आराधना का भाव जाग्रत होता है, सेवा धर्म बहुत ही कठिन है, संसार में सत्प्रवृत्तियों के पुण्य पुरुषार्थ के लिए अपने समय, प्रभाव, ज्ञान, पुरुषार्थ एवं धन का एक अंश नियमित रूप से निकालने की जरूरत पडती है, उपस्थित सभी शिविरार्थियों ने नवयुग के स्वागत में दीपक प्रज्वलित कर राष्ट्र कल्याण के लिए वेदमंत्र से आहुति दी गई, बुराइयों को छोड़ने व श्रेष्ठ मार्ग पर चलने का संकल्प लिया व आरती की गई।

सभी परिजनों को नशा मुक्ति अभियान का पांपलेट व जीवनोपयोगी साहित्य वितरित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अधिकारी व्याख्याता राजेश कुमार भंडारी, सह प्रभारी व्याख्याता एसके. उईके एवं व्याख्याता एस. बेक शासकीय उच्चतम माध्यमिक विद्यालय बघमरा के सान्निध्य में हुआ।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक